Dainik Hint

Page No-3 Dated-29.05.2020

क्रिकेटर पीयूष चावला ने साझा किए अनुभव

साहिबाबाद। क्रिकेटर पीयूष चावला ने आईटीएस कॉलेज के छात्रों के साथ ऑनलाइन जुड़कर अपने अनुभव साझा किए। आईटीएस मोहन नगर के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पीयूष ने छात्रों एवं शिक्षकों के साथ संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह समय कठिन जरूर है लेकिन यह भी गुजर जाएगा। पीयूष ने अपने पुराने संस्मरण विद्यार्थियों के साथ साझा किए। स्टूडेंट्स को बताया कि किसी भी प्रोफेशन में सफल होने का कोई शार्ट कट नहीं होता। कहा कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। पीयूष चावला ने कहा कि क्रिकेट की प्रैक्टिस करते समय भी उन्होंने कभी अपनी पढ़ाई को हल्के में नहीं लिया। इस दौरान संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने पीयूष चावला के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पीयूष जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं।

Amar Ujala

Page no-4 Dated-29.5.2020

पीयूष चावला ने विद्यार्थियों से किया ऑनलाइन संवाद

ट्रांस हिंडन। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाडी पीयूष चावला ने आईटीएस शिक्षण संस्थान के इंस्टाग्राम अकाउंट जरिये छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ संवाद किय। इस दौरान उन्होंने ने बताया कि यह समय कठिन अवश्य है परन्तु इस लॉकडाउन दौर वे अपना समय अपने परिवार के साथ व्यतीत कर रहे हैं। इस दौरान अपने पुराने संसमरण साझा करते हुए कहा कि किसी भी प्रोफेशन में सफल होने का कोई शार्ट कट नहीं है। सफलता का एक ही मंत्र है मेहनत और दृढ़ता के साथ सतत प्रयास करना। संवाद के दौरान उन्होंने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का उल्लेख करते हुए कहा कि वे एक कर्मठ और अपन कार्य को समर्पित प्रोफेशनल का जीता जगता उदहारण हैं। उन्होंने अपनी बातचीत में भारतीय क्रिकेट के प्रमुख खिलाड़ियों सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, सौरभ गांगुली आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके साथ खेलने से हमेशा उन्हें सीखने और अपने खेल को और अच्छा करने का अवसर मिला।